<u>शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण</u>

<u>संख्या-2/2016/1/1/2015-का-4-2016</u>

प्रेषक,

किशन सिंह अटोरिया,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 05 मार्च, 2016

विषय:-उर्दू अनुवादक-सह-कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्तियां किया जाना।

महोदय,

विभागाध्यक्ष कार्यालय, प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, मण्डल स्तर तथा जिला स्तर के प्रत्येक कार्यालय में उर्दू अनुवादक-सह-कनिष्ठ लिपिक का एक-एक पद अर्थात् कुल-5061 पद कार्मिक अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-80-सी.एम./47-का-4-94-15/10/94, दिनांक 20.08.1994 द्वारा सृजित किये गये हैं।

2. उत्तर प्रदेश उर्दू अनुवादक-सह-कनिष्ठ लिपिक सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए उत्तर प्रदेश उर्दू अनुवादक-सह-कनिष्ठ लिपिक नियमावली, 1994 (दिनांक 09 सितम्बर, 1994 को) प्रख्यापित की जा चुकी है, जो नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की वेबसाइट www.niyuktionline.up.nic.in पर उपलब्ध है।

3. कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना संख्या-2812-47-का-3-14-13-7-2006, दिनांक 15.12.2014 के अनुसार वेतन बैण्ड-1 (रू. 5200-20200) ग्रेड पे रू. 1900.00 एवं उससे अधिक किन्तु वेतन बैण्ड-2 (रू. 9300-34800) ग्रेड पे रू. 4600.00 से कम के सीधी भर्ती के समस्त पद उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि में विनिर्दिष्ट हैं।

4. 01 जुलाई, 2015 तक जनपदों में विभिन्न कार्यालयों में उर्दू अनुवादक-सह-कनिष्ठ सहायक (तद्समय उर्दू अनुवादक-सह-कनिष्ठ लिपिक) के स्वीकृत 5061 पदों के सापेक्ष रिक्त पदों के अधियाचन संबंधित विभागों द्वारा आयोग को अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

http://shasanadesh.up.nic.in

5. इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उर्दू अनुवादकसह-कनिष्ठ सहायक के स्वीकृत पदों के सापेक्ष अवशेष रिक्त पदों की सही एवं वास्तविक गणना करते हुए, नियमानुसार अधियाचन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ को एक पक्ष के अन्दर संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें और रिक्त पदों की सूचना/विवरण निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर शासन को भी तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अधियाचन का प्रारूप नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की वेबसाइट www.niyuktionline.up.nic.in पर उपलब्ध है।

भवदीय,

किशन सिंह अटोरिया
प्रमुख सचिव

प्रारूप

कार्यालय/जनपद का नाम .....

वर्ष 1994 में सृजित कुल स्वीकृत पदों की संख्या	भरे गये कुल पदों की संख्या	अवशेष रिक्त पदों की संख्या	अवशेष रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अधियाचित कुल पदों की संख्या	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5

हस्ताक्षर कार्यालय/जिला अधिकारी .....
मुहर सहित।

संख्या-1/1/2015(1)-का-4-2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:-

1. सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ।
2. कार्मिक अनुभाग-3

आज्ञा से,

रघुनाथ सिंह परिहार
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in